दिनांकः 16 / 02 / 2023

प्रकाशनार्थ

**ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से प्री ग्रेड प्राईवेट लिमिटेड का कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया**

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर युनिवर्सिटी की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आज वर्चुअल

मोड में छात्र छात्राओं ने समूह चर्चा में भाग लिया, बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी और बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट पद हेतु प्री ग्रेड प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम कंपनी के लिए। एक्रेडिडेशन ए मिलने के बाद, प्री ग्रेड प्राइवेट लिमिटेड के प्लेसमेंट ड्राईव में विश्वविद्यालय से लगभग 90 छात्र छात्राओं ने भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था।

कुलपति प्रो राजेश सिंह के दिशा निर्देशन में प्लेसमेंट एंड काउन्सलिंग सेल द्वारा ये प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया था विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए वर्चुअल मोड में।

इन दस छात्र छात्राओं ने प्री ग्रेड, नोएडा द्वारा आयोजित समूह चर्चा के प्रथम चरण को क्वालीफाई किया है, सुश्री हिमालिका सरीन, अंकिता मधेशिया, सावित्री यादव, सौम्या पांडेय, नित्या राज श्रीवास्तव, ज्योति चौहान, संभावी श्रीवास्तव, स्वाति कन्नौजिया, शिवम तिवारी और शुभम् पाण्डेय इत्यादि ने।

अगले चरण में इनको प्री ग्रेड के मानव संसाधन विभाग द्वारा आयोजित एचआर राऊंड के इंटरव्यू की प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे ऑनलाइन मोड में।

उसके बाद में कंपनी के एचआर हेड ग्रेजुएट छात्र छात्राओं की स्किल के बेसिस पर छात्र छात्राओं का चयन करेंगे बिजनेस एसोसिएट इंटर्न के पद पर चार लाख प्रतिवर्ष से छ लाख वार्षिक के पैकेज पर तथा पोस्ट ग्रेजुएट छात्र छात्राओं का चयन पांच लाख रुपए से छ लाख वार्षिक के पैकेज पर बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर होगा।

सभी चयनित छात्र छात्राओं की पोस्टिंग नोएडा ऑफिस में होगी।

उक्त प्लेसमेंट ड्राइव में बीबीए, एमबीए, बीकॉम, एमकॉम और एमएससी एग्रीकल्चर के छात्र छात्राओं ने भाग लिया पूरे उत्साह से।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur